रिपोर्ट : ओरिएंटेशन प्रोग्राम (अभिविन्यास कार्यक्रम)

पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, करनाल

2018-19

सेक्टर 14 स्थित पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, करनाल में प्रथम वर्ष के नवागंतुक विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए दो चरणों में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले चरण में 17 जुलाई, 2018 को विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए और दूसरे चरण में 24 जुलाई को कला संकाय एवं रोजगारपरक विषयों के विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय, प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और उन्हें कॉलेज प्रशासन की ओर से कॉलेज कैंपस से संबंधित नियम–कायदों से अवगत करवाया गया। उपाचार्या डॉ लोकेश त्यागी ने महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर सभी नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया और उनके सुखद भविष्य की कामना की। मंच संचालन डॉ राजेश रानी ने किया।

महाविद्यालय के सीनियर ट्यूटर डॉ वीके मुदगिल ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपस्थिति के नियमों से अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे समय–सारिणी के अनुसार नियमित रूप से कक्षाएं लगाएं । उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ विद्यार्थी दूसरी गतिविधियों में भी हिस्सा लें और व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। डॉ रेखा शर्मा ने विद्यार्थियों को समय–सारिणी, गृह परीक्षा, सड़क–सुरक्षा और मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संबंध में अहम जानकारियों से अवगत करवाया। प्रोफेसर अरविंद कादियान ने रैगिंग के बारे में विस्तारपूर्वक बातचीत की और विद्यार्थियों को महाविद्यालय में पढ़ाई के लिए स्वच्छंद माहौल प्रदान करने के प्रति आश्वस्त किया।

श्रीमती लता जैन ने असेसमेंट और सहयोग समिति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ राजेश रानी ने महाविद्यालय में प्रकाशित होने वाली पत्रिका के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की पत्रिका सृजनात्मक विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा प्रदर्शन का शानदार मंच है और इसके माध्यम से विद्यार्थी अपने भावों को सुंदर अभिव्यक्ति प्रदान कर सकते हैं। प्रोफेसर नरेश सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया और महाविद्यालय प्रांगण में अनुशासन बनाए रखने में विद्यार्थियों से सहयोग की अपील की।

प्रोफेसर सुरेश दुग्गल ने एनसीसी एयर विंग और प्रोफेसर प्रवीण कुमार कौशिक ने एनसीसी आर्मी विंग के बारे में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ यशपाल ने महाविद्यालय में वर्ष भर आयोजित की जाने वाली खेल प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी और विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी किया। प्रोफेसर मनीषा ने महिला प्रकोष्ठ के बारे में बताया तो वहीं डॉ एसके नागिया ने महाविद्यालय में समय–समय पर आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों में संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। डॉ लखविंद्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना और डॉ कंवरभान ने छात्रवृत्ति और बस पास वनवाने के संबंध में विद्यार्थियों को महत्त्वपूर्ण जानकारियों से अवगत करवाया।

कला संकाय और रोजगारपरक विषयों के विद्यार्थियों के लिए 24 जुलाई को आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में उपाचार्या प्रोफेसर लोकेश त्यागी और प्रोफेसर वीके मुदगिल ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया और कॉलेज कैंपस के नियम–कायदों से अवगत करवाया। प्रोफेसर सुरेंद्र नागिया ने मंच संचालन किया।

डॉ रेखा शर्मा ने विद्यार्थियों को मनोविज्ञान विभाग के विभिन्न विषयों पर अहम जानकारियों से अवगत करवाया और समय–सारिणी के बारे में भी बताया। प्रोफेसर अरविंद ने रैगिंग के विषय पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्त्व बताया। डॉ जरनैल सिंह ने भूगोल विभाग, डॉ महेंद्र वागी ने इतिहास विभाग, श्रीमती सरिता आर्य ने संस्कृत विभाग और डॉ देवेंद्र ने पंजाबी विभाग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। हिंदी विभाग की प्रोफेसर राजेश रानी, अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ शिवानी कौशिक, संगीत विभाग की प्रोफेसर डॉ अंजना रानी, शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर यशपाल ने संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए। प्रोफेसर सुरेश दुग्गल ने एनसीसी एयरविंग, प्रोफेसर प्रवीण कौशिक ने एनसीसी आर्मी विंग, प्रोफेसर संजीव कुमार ने एनएसएस, श्रीमती लता जैन ने आंतरिक मूल्यांकन,डॉ कंवरभान ने बस पास व छात्रवृत्तियां और डॉ सुरेंद्र नागिया ने महाविद्यालय प्रांगण में वर्ष भर आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी।

प्राचार्य

Principal
Pt. C.L.S Govt. College
KARNAL